# अतिथियो द्वारा प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण करते हुए














महाविद्यालय प्रभारी श्री रमेश मीणा पुरस्कार वितरण करते हुए




महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष श्री बजरंग लाल भाकर छात्रा को पुरस्कार वितरण करते हुए।



डॉ. राममूर्ति मीणा (IGNU) व स्थानीय उपखण्ड अधिकारी डॉ. दिनेश राय सापेला छात्रा को पुरस्कार वितरण करते हुए।







अतिथियों द्वारा छात्रा को पुरस्कार वितरण करते हुए।





अतिथियों एवं प्रवक्ता डॉ. सीताराम जाट द्वारा छात्रा को पुरस्कार वितरण करते हुए।

## ➢ रंगोली प्रतियोगिता :–

11 जनवारी 2018 को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। जिसके निर्णायक–सर्वेश्वर चौधरी(व्याख्याता संस्कृत), मोहन लाल प्रजापत, तथा विजयलक्ष्मी कुमावत ( व्याख्याता हिन्दी) रहें। इसमें प्रथम रहा :– समूह–पूजा कुमावत, तमन्ना बानों, अंजना कुमावत, ललीता, संतोष कुमावत। द्वितीय रहा समूह–अनिता मीणा, लक्ष्मी गोस्वामी, रूकसाना बानों तथा अफसाना बानो, पूजा मेघवाल, परवीना बानों।

## ➢ निबन्ध–लेखन प्रतियोगिता:–

12 जनवरी 2018 को महाविद्यालय में निबन्ध–लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय था–''स्वच्छ भारत अभियान''। जिसके निर्णयक सर्वेश्वर जी (व्याख्याता संस्कृत) थे। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहीं तारा शर्मा, द्वितीय स्थान प्राप्त किया भगवती शर्मा तथा तृतीय स्थान की हकदार रहीं तमन्ना बानों।

## ➢ पोस्टर प्रतियोगिता:–

13 जनवरी 2018 को महाविद्यालय में ''पोस्टर प्रतियोगिता'' का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक थे विजयलक्ष्मी कुमावत (व्याख्याता हिन्दी), शाहिद खान (व्याख्याता इतिहास), शिवराज सिंह राठौड़ (राज. विज्ञान) इस प्रतियोगिता में प्रथम पायदान पर रहीं परवीना बानों, द्वितीय स्थान पर अर्चना चौधरी व तृतीय स्थान तमन्ना बानों, तारा शर्मा ने प्राप्त किया।

## ➢ दौड़ प्रतियोगिताः–

14 जनवरी 2018 को 100 मीटर, 200 तथा 400 मीटर दौड़ का आयोजन किया, जिसके निर्णायक शाहिद खान (व्याख्याता इतिहास) तथा विजयलक्ष्मी कुमावत (व्याख्याता हिन्दी) रहे। 100 मीटर दौड़ में मंजु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, अर्चना चौधरी द्वितीय स्थान पर रहीं तथा तृतीय स्थान पर रहीं निमा। 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर रहीं अर्चना चौधरी, निमा द्वितीय रहीं तथा परमेश्वरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर रही अर्चना चौधरी, द्वितीय परमेश्वरी, तृतीय अंजना कुमावत ने स्थान प्राप्त किया।



**दौड़ प्रतियोगिता**

## ➢ गोला फेंक प्रतियोगिताः–

15 जनवरी 2018 को गोला फेंक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके निर्णायक शाहिद खान, विजयलक्ष्मी कुमावत रहे। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पूजा शर्मा, एवं मंजु चौधरी द्वितीय तथा निमा चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।




**गोला फेंक**

## ➢ लम्बी कूद प्रतियोगिताः–

16 जनवरी 2018 को महाविद्यालय में लम्बी कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके निर्णायक शाहिद खान एवं विजयलक्ष्मी कुमावत रहे। जिसमें रितू कंवर प्रथम, निमा चौधरी द्वितीय तथा पूजा कंवर तृतीय स्थान पर रहीं।



लम्बी कूद

## ➢ कंचा दौड़ :–

16 जनवरी 2018 को ही चम्मच तथा कंचा दौड़ भी की गई, जिसके निर्णायक थे, विजयलक्ष्मी कुमावत, शाहिद खान एवं शिवराज सिंह राठौर। इस प्रतियोगिता में तारा शर्मा प्रथम, अर्चना चौधरी द्वितीय तथा रितू कंवर तृतीय रहीं।

## ➢ तस्तरी फैंक:–

16 जनवरी 2018 को ही तस्तरी फैंक का आयोजन किया गया जिसमें निर्णायक थे, सर्वेश्वर चौधरी, शाहिद खान, विजय लक्ष्मी कुमावत। इस प्रतियोगिता में मंजू ने प्रथम स्थान, अंजू देवी ने द्वितीय स्थान व तृतीय स्थान अनिता रॉयल ने प्राप्त किया।



तस्तरी फैंक

## 17 जनवरी 2018 को ही अन्य निम्नलिखित प्रतियोगितायें इस प्रकार आयोजित की गईः–

### ➢ भार–सन्तुलन दौड़ः–

निर्णायक–शिवराज सिंह राठौर, सर्वेश्वर चौधरी,शाहिद खान।

इसमें प्रथम मंजू, अर्चना चौधरी द्वितीय तथा तृतीय रहीं लक्ष्मी गोस्वामी।

### ➢ म्युजिकल चेयरः–

निर्णायक–शाहिद खान, विजयलक्ष्मी कुमावत एवं सर्वेश्वर चौधरी।

इसमेंअर्चना चौधरी प्रथम रहीं, तारा शर्मा द्वितीय रहीं।

### ➢ कबड्डी प्रतियोगिताः–

निर्णायक–शाहिद खान, शिवराज सिंह राठौर एवं विजयलक्ष्मी कुमावत।

इसमें अर्चना चौधरी, निमा, मेघना, परमेश्वरी, संतोष, अनिता, पूजा जाट ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### ➢ सलाद सज्जा प्रतियोगिताः–

निर्णायक–विजय लक्ष्मी कुमावत,शाहिद खान।

इसमें लक्ष्मी गोस्वामी, अनिता मीणा, रूकसाना बानों ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया व द्वितीय परमेश्वरी, मेघना, मंजू रही।

### ➢ कम्प्यूटर टाईप प्रतियोगिताः–

निर्णायक–मोहन लाल प्रजापत, शाहिद खान, विजय लक्ष्मी कुमावत।

इसमें खुशबू शर्मा ने प्रथम स्थान, ओमा चौधरी ने द्वितीय स्थान और अर्चना चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### ➢ वाद–विवाद प्रतियोगिताः–

निर्णायक–शाहिद खान, विजयलक्ष्मी कुमावत एवं सर्वेश्वर चौधरी।

इसमें तारा शर्मा ने प्रथम स्थान, अंजना कुमावत दूसरे पायदान पर रही ।

### ➢ भाषण प्रतियोगिताः–

निर्णायक–शाहिद खान, विजयलक्ष्मी कुमावत एवं सर्वेश्वर चौधरी।

इसमें अंजना कुमावत प्रथम स्थान व लक्ष्मी गोस्वामी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## इन सभी प्रतियोगिताओं के अतिरिक्त संस्था की सर्वश्रेष्ठ छात्राओं को भी सम्मानित किया गया।

1. सांस्कृतिक, शैणक्षिक तथा अनुशासनः—सर्वश्रेष्ठ रहीं तमन्ना बानों।
2. खेलकूद प्रतियोगिताः—अर्चना चौधरी।
3. संस्था में उपस्थितिः—लक्ष्मी कुमारी गोस्वामी सर्वश्रेष्ठ रहीं।

18 जनवरी 2018 को (राष्ट्रीय युवा सप्ताह समारोह) का समापन समारोह रंगारंग कार्यक्रमों के द्वारा भूरि—भूरि प्रशंसा के मध्य, करतल ध्वनि के साथ कुछ इस प्रकार मनाया गया।

इस समारोह के मुख्य अतिथि इन्दिरा गॉधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के क्षैत्रिय निदेशक डॉ. राम मूर्ति मीणा विशिष्ट अतिथि डॉ. दिनेश राय सापेला, मुख्य प्रवक्ता डॉ. सीताराम चौधरी थे। महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष श्री बजरंग लाल भाखर एवं सचिव डॉ.बी.एल देवन्दा ने सभी अतिथियों का पुष्पहार द्वारा सम्मान स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. राम मूर्ति मीणा ने छात्राओं को बताया कि महिलाओं का पढ़ना समाज की प्रगति के लिये अति आवश्यक है। हमें संकुचित सोच त्याग कर लम्बी सोच सदा अपनानी चाहिये, ताकि भविष्य में हम अपनी बालिकाओं को उच्च शिक्षा प्रदान कर सकें। इस रंग—बिरंगे कार्यक्रम के अवसर पर रूपनगढ़ के प्रतिष्ठित प्रतिनिधि श्रीमान् भगवान दास लखन सरपंच, हाजी इकबाल छीपा उपसरपंच एवं पूर्व सरपंच डी.सी.वी किरण ने भी छात्राओं को आर्शीवाद स्वरूप वचनों से लाभन्वित किया। समापन समारोह में श्रीमान् पांचू राम, श्री शिवराज सिंह डोडवाडिया क्रय—विक्रय सहकारी समिति अध्यक्ष किशनगढ़, गोपाल कुमावत ठेकेदार, डॉ सतीश किलावत पूर्व प्राचार्य केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ भारत सरकार, राकेश टण्डन, पंचायत समिति सदस्य रामचन्द्र थाकण, हनुमान सिंह जोधा, लिखमाराम बाना, हीरालाल माली, प्रकाश शर्मा, बिरदीचन्द कुमावत, हनुमान कुमावत, परमेश्वर बाना, खेतराम जाजड़ा, राजेन्द्र ओझा, मूलचन्द राईका, रामचन्द्र नेहरा, फिरोज खान, रामदीन बाना, करतार फडोलिया, रामनिवास बरकेस्या भी उपस्थित थे।

शिक्षा के क्षेत्र में जितना महत्व स्वस्थ मनोःमस्तिष्क का है उतना ही स्वस्थ शरीर का भी। इसलिये कहा गया—" A healthy mind lives in a healthy body" और स्वस्थ

शरीर का राज है—व्यायाम एवं खेलना—कूदना। लगन, धैर्य और मेहनत की परिणति है 'सफलता' और सफलता का मूर्तरूप है—'पुरस्कार'

सत्र 2017—2018 के (राष्ट्रीय युवा सप्ताह समारोह) के अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं में जो छात्रायें विजयी रहीं उन सभी को मुख्य अतिथि महोदय ने स्मृति—चिह्न एवं प्रमाण—पत्र देकर सम्मानित किया।

समारोह के अन्त में महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. शिल्पा गोयल एवं महाविद्यालय प्रभारी रमेशचन्द मीणा ने सभी अतिथियों का तहे दिल से आभार व्यक्त करते हुये साधुवाद दिया। हम सभी की उस परम पिता परमेश्वर से करबद्ध प्रार्थना है कि आज जो बीज 'स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय' के नाम का रोपा गया है, भविष्य में वो वट वृक्ष की तरह इतना विशाल बने कि जिसकी जड़े नीचे धरती में तथा फूंगल फलक को स्पर्श करे। उसकी महक चहुँ दिशाओं में फैले तथा छात्रायें यहॉ अध्ययन कर ऊँचे—ऊँचे पदो पर आसीन होकर संस्था के नाम में चार चांद लगायें। रूपनगढ़ कस्बे में शिक्षा के क्षेत्र में उठाया गया ये कदम सराहनीय है तथा वो सभी विभूतियॉ अभिवन्दनीय, अभिनन्दनीय हैं, इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं। महिला शिक्षा उत्थान के लिये जो ये सराहनीय कदम उठाया गया है, उसी नारी को समर्पित ये पंक्तियॉ हैं—

**''नारी तुम केवल श्रद्धा हो**

**विश्वास रजत नग पग तल में**

**पीयूष स्त्रोत सी बहा करो**

**जीवन के सुन्दर समतल में''**

**निम्न बिन्दू भी ध्यातव्य हैः–**

**महाविद्यालय की छात्राओं को निर्धारित शर्तो के अनुसार प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति प्रदान की जायेंगी।**

- राष्ट्रीय छात्रवृत्ति
- आवश्यकता मय योग्यता छात्रवृत्ति
- अनुसूचित जाति छात्रवृत्ति
- अध्यापकों के बच्चों को राष्ट्रीय छात्रवृत्ति
- सेवारत मृत राज्य कर्मचारियों पर आश्रित छात्राओं को छात्रवृत्ति
- भारत, पाक एवं चीन युद्धों में मृतक सैनिकों के बच्चों एवं विधवाओं को छात्रवृत्ति
- राष्ट्रीय ऋण योग्यता छात्रवृत्ति
- अन्ध, बधिर अथवा विकलांग छात्रवृत्ति
- अल्प आय वर्ग छात्रवृत्ति
- स्वतन्त्रता सेनानियों के बच्चों को देय छात्र वृत्ति

**इसके अतिरिक्त सत्र् 2018–19 में (विज्ञान–संकाय) तथा (वाणिज्य संकाय) की कक्षाओं का भी संचालन किया जा रहा है।**

22जनवरी 2018 को महाविद्यालय में बसन्त–पंचमी के दिन मॉ शारदा की पूजा अर्चना की। मॉ वीणा–पाणि का वन्दन सनातन है, अनादि है, अनन्त है। भूत, वर्तमान, भविष्य गाते रहे हैं, गाते रहेंगे परन्तु सरस्वती का गुणगान कभी पूर्ण नहीं होगा। मॉ शारदा के पूजन, अर्चन के साथ ही सत्र् 2017–18 के 'स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ' के वार्षिक–प्रतिवेदन को विराम दिया जाता है।

**!!जय–हिन्द, जय–भारत!!**

**!!धन्यवाद!!**